पंजीयन क्रं. छ. ग. राज्य - 197

Phone : 2242539, 2537619

# CHHATTISGARH VIDYUT MANDAL ABHIYANTA SANGH

# छ.ग. विद्युत मंडल अभियंता संघ

(अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ से सम्बद्ध)

(AFFILIATED WITH ALL INDIA POWER ENGINEERS FEDERATION)

एम - 9, कृष्णानगर, डंगनिया, रायपुर- ४९२०१३ (छ.ग.) ● M - 9 Krishana Nagar, Daganiya, Raipur - 492013 (C.G.)

Ref. No. CGVMAS/102 Date 06/06/2015

प्रति,

अध्यक्ष,
छ0रा0वि0 पावर कम्पनीज़ लिमिटेड,
रायपुर।

**विषयः—अभियन्ताओं की केरियर प्लानिंग एवं 1—4—2014 से देय वेतन पुनरीक्षण में हो रहे विलम्ब के कारण गहन असन्तोष।**

महोदय,

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के पश्चात से ही विद्युत अभियन्ताओं द्वारा अथक परिश्रम से राज्य के सर्वांगीण विकास में निरन्तर सकारात्मक सहयोग किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप राज्य में प्रति व्यक्ति विद्युत खपत में वृद्धि की दर देश में सर्वाधिक रही। साथ ही विद्युत की दरें देश में आज भी अन्य राज्यों की अपेक्षा कम है, परन्तु दुर्भाग्य का विषय है कि विद्युत अभियन्ताओं की समस्याओं के निवारण की दिशा में अपेक्षित सार्थक प्रयास नहीं हुए हैं।

महोदय, केरियर प्लानिंग एवं सक्सेशन प्लानिंग के अभाव में जहां एक ओर विद्युत अभियन्ता 25 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा के पश्चात भी दूसरे प्रमोशन के लिए मोहताज़ हैं, वहीं दूसरी ओर विसंगतियों के कारण विद्युत मण्डल को करोड़ों रूपये की आर्थिक हानि हो रही है। इस सम्बन्ध में अभियन्ता संघ द्वारा गत लगभग 3 वर्षों से निरन्तर प्रबन्धन एवं शासन का ध्यान आकृष्ट किया गया था परन्तु अभी तक केरियर प्लानिंग एवं सक्सेशन प्लानिंग के सम्बन्ध में नीतिगत निर्णय विलम्बित ही है। जिसके कारण अभियन्ताओं में असन्तोष निरन्तर घनीभूत होता जा रहा है। केरियर प्लानिंग के सम्बन्ध में ''पालिसी पैरालिसिस'' न केवल अभियन्ताओं के हतोत्साहन का कारण बन रहा है, वरन् राज्य के व्यापक हित पर भी विपरीत प्रभाव डाल रहा है।

महोदय, इसी तरह वेतन पुनरीक्षण का मुद्दा भी, विभिन्न संगठनों को दिए गए आश्वासनों की तारीख पर तारीख निकलने के बाद, अब अति विलम्बित राग में दीर्घ आलाप सा प्रतीत हो रहा है। 1—4—2014 से वेतन पुनरीक्षण देय होने के पश्चात् 14 माह से ज्यादा का समय निकल चुका है, परन्तु अभी तक इस सम्बन्ध में कोई सार्थक विचार—विमर्श प्रारम्भ नहीं हुआ है, इससे सभी स्तरों पर प्रबन्धन की मंशा पर आशंका गहराने लगी है।

पंजीयन क्रं. छ. ग. राज्य - 197 Phone : 2242539, 2537

**CHHATTISGARH VIDYUT MANDAL ABHIYANTA SANGH**

**छ.ग. विद्युत मंडल अभियंता संघ**

(अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ से सम्बद्ध)

(AFFILIATED WITH ALL INDIA POWER ENGINEERS FEDERATION)

एम - 9, कृष्णानगर, डंगनिया, रायपुर- ४९२०१३ (छ.ग.) ● M - 9 Krishana Nagar, Daganiya, Raipur - 492013 (C.G.)

Ref. No..................... Date..........................



उपरोक्त दोनों मुद्दों पर पूरे राज्य में अभियन्ताओं के निरन्तर गहराते असन्तोष के मद्दे नज़र संघ आपसे सादर अनुरोध करता है कि दोनों मुद्दों पर 21 जून, 2015 तक ठोस कार्यवाही हेतु प्रबन्धन को निर्देशित करने का कष्ट करें। संघ सम्पूर्ण सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए भी यह संसुचित करने के लिए बाध्य है कि उपरोक्त विषयों के सकारात्मक हल के अभाव में संघ आन्दोलनात्मक कार्यवाही हेतु बाध्य होगा, जिसकी प्रस्तावित रूपरेखा संलग्नक के रूप में अग्रेषित है। संघ विनम्रतापूर्वक यह भी सूचित करता है कि अप्रिय आन्दोलनात्मक कार्यवाही के लिए पूर्णतः प्रबन्धन जवाबदार होगा।

महोदय, एक बार पुनः आपसे सविनय अनुरोध है कि कृपया राज्य के व्यापक हित में प्रबन्धन को उपरोक्त दोनों ही समस्याओं के 15 दिनों में निवारण हेतु तत्काल निर्देशित करने का कष्ट करें।

सधन्यवाद।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(पी0के0 खरे),
महासचिव.

प्रतिलिपिः–
1. माननीय मुख्यमन्त्री, छ0ग0 शासन, मन्त्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
2. मुख्य सचिव, छ0ग0 शासन, मन्त्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
3. प्रमुख सचिव, उर्जा विभाग, छ0ग0 शासन, मन्त्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर।
4. प्रबन्ध निदेशक, छ0रा0वि0 होल्डिंग/वितरण/पारेषण/उत्पादन/ट्रेडिंग कम्पनी मर्यादित, मुख्यालय, डंगनिया, रायपुर।

पंजीयन क्रं. छ. ग. राज्य - 197

Phone : 2242539, 2537619

CHHATTISGARH VIDYUT MANDAL ABHIYANTA SANGH

छ.ग. विद्युत मंडल अभियंता संघ

(अखिल भारतीय विद्युत अभियंता महासंघ से सम्बद्ध)

(AFFILIATED WITH ALL INDIA POWER ENGINEERS FEDERATION)

एम - 9, कृष्णानगर, डंगनिया, रायपुर- ४९२०१३ (छ.ग.) ● M - 9 Krishana Nagar, Daganiya, Raipur - 492013 (C.G.)

Ref. No.....................

Date. 06/06/2015

## प्रस्तावित आन्दोलन की रूपरेखा

1. 22 जून से 27 जून तक समस्त अभियन्ता अपनी कार्य अवधि के अतिरिक्त 1 घण्टे अधिक कार्य प्रतिदिन करेंगे।
2. 29 जून से 3 जुलाई तक दोपहर डेढ़ बजे से दो बजे तक भोजनावकाश अवधि के दौरान समस्त अभियन्ता मुख्यालय में एकत्रित होकर विद्युत कम्पनी प्रबन्धन को सद्बुद्धि देने हेतु प्रार्थना सभा आयोजित की जाएगी।
3. 4 जुलाई, 2015 को विद्युत कम्पनी मुख्यालय द्वार रायपुर तथा कोरबा में धरना एवं प्रदर्शन।
4. एक दिन का सामूहिक आकस्मिक अवकाश अल्प सूचना पर।

(पी0के0 खरे),
महासचिव.